

## एक नजर में

### श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिक उत्सव आज

**नागदा।** जीवाजी नगर स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिक उत्सव प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य धार्मिक आयोजन के साथ आज गुरुवार आज 31 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। पं. अजय पंड्या पुजारी श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति, जीवाजी नगर ने बताया वार्षिक उत्सव के अवसर पर प्रातः 11 बजे से पूजन-अभिषेक से होगी, जो दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इसके पश्चात दोपहर 2 से 3 बजे तक वैदिक विधि-विधान से हवन अनुष्ठान संपन्न किया जाएगा। समस्त कार्यक्रमों का समापन दोपहर 3 बजे महाआरती के साथ किया जाएगा। नर्मदेश्वर महादेव भक्त मंडल द्वारा आयोजन में नगर सहित आसपास के श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है। जानकारी निलेश मेहता द्वारा दी गई।

### करंट लगने से युवक की मौत

**घट्टिया।** बुधवार शाम करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर पिता रतन उम्र 30 वर्ष निवासी नवोदय रोड घट्टिया की करंट लगने से मौत हो गई जिसे मृत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । बीएमओ डॉ. अनुज शल्या ने बताया कि युवक को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया जिसे प्राथमिक जांच के बाद पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय उज्जैन भेजा गया ।

### ईको क्लब ने लाईफ मिशन की शपथ



**माकड़ोन।** शासकीय महाविद्यालय माकडोन में ईको क्लब द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम श्रृंखला में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत मिशन लाइफ शपथ का आयोजन कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित, ईको क्लब संयोजक डॉ. राजेन्द्र सिंह पंवार, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थित में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ नरेंद्र सरिया द्वारा दी गई।

### डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम स्टार्ट अप यूथ अवार्ड को 3 अगस्त तक करें आवेदन



**उज्जैन।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एम. एजाज साहब के निर्देश पर संपूर्ण जिलों में बैठक आयोजित कर टीम बनाना तथा युवा उद्यमियों के नाम प्रदेश कार्यालय प्रेषित करना है। इस हेतु भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नगर जिला उज्जैन की बैठक डॉ. निजाम हाशमी के ऑफिस निजातपुरा पर रखी गई। जिसमें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री जनाब मुर्तुजा अली बड़वाहवाला के मार्गदर्शन में टिम का गठन हुआ। वहीं बड़वाहवाला ने बैठक को संबोधित करते हुए विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की भारतीय जनता पार्टी का यह कदम अल्पसंख्यक युवा उद्यमियों के लिए सराहनीय कदम है। बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. निजाम हाशमी ने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा नगर जिला अध्यक्ष शेर अली भाई ने की। इस अवसर पर मोर्चा के प्रदेश सदस्य अब्दुल जब्बार शेख मोर्चा के नगर जिला महामंत्री एवं नगर जिला प्रभारी सलीम अहमद भाजपा के वरिष्ठ नेता बन्नेमिया नागौरी, नगर जिला उपाध्यक्ष एवं नगर जिला सहप्रभारी जाहिद अली बन्दूक वाला, नगर जिला सहकोषध्यक्ष नासिर राइन, नगर जिला उपाध्यक्ष ईरशाद राइन, मोर्चा मंडल अध्यक्ष अब्दुल वाहिद नागौरी, मोर्चा मण्डल उपाध्यक्षगण सद्दाम हुसैन, मोहम्मद अली, जाकिर मंसूरी, इसहाक शेख आदि सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी मोर्चा नगर जिला महामंत्री सलीम अहमद ने दी।

### आज रवाना होगी उज्जैन से ब्रज की नि:शुल्क यात्रा

**110 यात्री, भजन मंडली के साथ ब्रज में करेंगे भजन, पूजन, अनुष्ठान**




**उज्जैन।** श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था द्वारा कराई जा रही नि:शुल्क ब्रज यात्रा आज गुरुवार 31 जुलाई को शाम 5 बजे उज्जैनीय एक्सप्रेस से ब्रज के लिए प्रस्थान करेगी। श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष हरिसिंह यादव ने बताया कि 110 लोगों को नि:शुल्क ब्रज यात्रा कराई जा रही है। जिसमें उज्जैन से भजन मंडली चार दिवस वहीं रह कर सभी स्थानों पर भजन पूजन अनुष्ठान करेंगे। श्री कृष्णचंद्र भगवान की सेवा, गिरिराज जी की परिक्रमा आदि करेंगे। यात्रियों का रहना, भजन, ब्रज में घूमने आदि की सभी व्यवस्था संस्था द्वारा की जाएगी। इस यात्रा को उज्जैन के वरिष्ठ समाजसेवी यादव समाज के अध्यक्ष नारायण यादव व वरिष्ठजन ठाकुरजी का ध्वज प्रदान कर विदा करेंगे। संस्था द्वारा पूर्व में भी कई बार ब्रज की यात्रा नि:शुल्क कराई गई है। हरिसिंह यादव के अनुसार यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों में धार्मिक भावना जागृत करना, सनातन संस्कृति के नजदीक लाना, अपने धर्म और धार्मिक स्थान के महत्व से परिचय करवाना। मुख्य रूप से मांसाहार और शराब से मुक्त करना, सभी यात्री संकल्पित होकर यात्रा में शामिल होंगे कि ना यात्रा के दौरान ना वापस आकर जीवन में कभी मांस, मदिरा का सेवन नहीं करेंगे। हरिसिंह यादव के अनुसार श्रावण मास के पवित्र महीने में ब्रज की यात्रा का बहुत महत्व है। मथुरा, वृंदावन, गोकुल, बरसाना, नंदगांव, निधिवन सभी जगह सावन मास में श्री ठाकुरजी की मनोरम झांकियां व प्रतिदिन उत्सव होते हैं।

### सोनोने ने ग्रहण किया उपझोन समन्वयक का दायित्व



**उज्जैन।** गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन अखिल विश्व गायत्री परिवार के संगठनात्मक स्वरूप में उपझोन उज्जैन का मुख्यालय है। इसमें उज्जैन संभाग के 6 जिले उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, नीमच,आगर और शाजापुर शामिल हैं। इसके समन्वयक समय-समय पर बदलते रहते हैं। प्रभाकर सोनोने ने उपझोन समन्वयक का निवृत्तमान समन्वयक महेश आचार्य जी के स्थान पर दायित्व ग्रहण किया। आपके साथ ही सत्यव्रत चतुर्वेदी स्थानीय समन्वयक का दायित्व श्री राजेश पटेल समन्वयक मध्यप्रदेश झोन की उपस्थिति में ग्रहण किया।

### नागपंचमी पर भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार



**महिदपुर।** गुपचुप गणेश मंदिर जवाहर मार्ग पर मनोज लखेरा, तरुण लखेरा द्वारा भोलेनाथ का नागपंचमी के अवसर पर विशेष आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# मॉडल स्कूल व सांदीपनि शासकीय स्कूल पहुंच मार्ग बदहाल

## कीचड़ में होकर विद्यालय जाने को मजबूर विद्यार्थी, सान्दीपनि शासकीय विद्यालय निर्माण कार्य धीमा







**घट्टिया। शासकीय मॉडल स्कूल व सीएम राईज सान्दीपनि शासकीय विद्यालय पहुंच मार्ग की हालत बदहाल है। स्कूल जाने का रास्ता कीचड़ से लथपथ है, शिक्षा अर्जन करने हेतु विद्यालय जाने में उक्त रास्ते पर विद्यार्थियों को कड़ी मशक्कत व परेशानियां का सामना करना पड़ता है।**

सीएम राईज़ सान्दीपनि शासकीय विद्यालय भवन का नवीन निर्माण कार्य चल रहा है जिसके कारण सान्दीपनि विद्यालय भी मॉडल स्कूल के भवन में संचालित हो रहा है। उक्त दोनों विद्यालयों में लगभग 1500 बच्चे अध्यनरत है जिन्हें कीचड़ भरी डगर होते हुए स्कूल जाना पड़ता है।

मार्ग में अनेक गड्ढे है जिनमें पानी भरा हुआ है व संपूर्ण मार्ग में कीचड़ हो रहा है। कई बार अनेक विद्यार्थी कीचड़ भरे मार्ग में गिर चुके है। सान्दीपनि विद्यालय में शासन की ओर से विद्यार्थियों की सुविधा हेतु बसों का संचालन किया जा रहा है जो भी आए दिन कीचड़ में फस जाती है।

अनेक बार विद्यार्थियों व अन्य वाहन की मदद से कीचड़ में फंसी बसों को निकालना पड़ता है। अभी तीन दिनों की लगातार वर्षा के कारण मार्ग मे कीचड़ का भरमार लग गया है। बसों सहित पेदल व स्वयं के वाहनों से जाने वाले विद्यार्थियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान नहीं है। वर्तमान में सीएम राईज़ सान्दीपनि शासकीय विद्यालय का निर्माण नवोदय रोड स्थित पुराने प्रांगण में चल रहा है जो कि बहुत ही धीमी गति से हो रहा है।

इस सत्र में भी निर्माण कार्य पूर्ण होना संभव नहीं होता नजर आ रहा है।

ठेकेदार, सुपरवाईजर इस ओर ध्यान न देते हुए अन्य कामों में लगे हुए है। वहीं सीएम राईज़ सान्दीपनि शासकीय विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों व उनके पालकों का कहना है कि वर्तमान में विद्यालय का संचालन मॉडल स्कूल में होता है जो कि यहा से 2-3 किमी दूर है। विद्यार्थियों को आवागमन में परेशानी होती है।

जबकि विद्यालय में बसों का संचालन होता है परंतु घट्टिया से जाने वाले विद्यार्थियों को बसों में नहीं बिठाया जाता है जिससे कि विद्यार्थियों को कीचड़ भरे मार्ग पर पेदल व स्वयं के साधनों से जाना पड़ता है।

एसा प्रतीत होता है कि उक्त दोनों विद्यालयो में अध्यनरत विद्यार्थियों को शिक्षा लेना दुश्वार हो गया है। विद्यार्थी कीचड़ में होकर विद्यालय जाने को मजबूर है।

# मेरा कर्मचारी मेरी टीम का सदस्य है : नपाध्यक्ष

**नागदा। सावन के इस पवित्र माह में जहाँ एक ओर विविध तीज-त्योहारों का उत्साह है, वहीं भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन भी समीप है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष संतोष गेहलोत ने सभी स्थायी एवं अस्थायी कर्मचारियों को राहत प्रदान करते हुए यह निर्देश जारी किया है कि कर्मचारियों को देय एरियर राशि का भुगतान इस माह के वेतन के साथ ही किया जाए।**

ज्ञातव्य है कि छठवें वेतनमान के अंतर्गत आने वाले शासकीय सेवकों को कुल 89,23,951 की एरियर राशि भुगतान हेतु अनुमोदित थी, जिसमें से 14,33,417 स्थायी कर्मचारियों को तथा 74,90,534 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को देना था। पूर्व में 50 प्रतिशत राशि का वितरण किया जा चुका है। शेष 44,63,115 की राशि रक्षाबंधन से पूर्व कर्मचारियों को प्रदान की जाएगी, जिससे वे त्योहार को आत्मीयता व सुकून से मना सकें।

नगर पालिका कार्यालय में कार्य की गति और गुणवत्ता में सुधार हेतु नपाध्यक्ष श्रीमती गेहलोत ने सभी शाखा प्रभारियों की आवश्यक बैठक आहूत की गई, जिसमें उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक विभाग अपने नियमित कार्यों का शीघ्रता से निष्पादन सुनिश्चित करें। सभी कर्मचारियों को समय पर गणवेश में उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विलंब से उपस्थिति के कारण नागरिकों को असुविधा होती है, जो स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों में संबंधित कर्मचारियों पर प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश भी स्थापना शाखा को प्रदान किए गए हैं।

उन्होंने समस्त स्टाफ से अपेक्षा जताई कि सभी समयबद्ध सेवा के साथ श्रेष्ठ कार्य निष्पादन में सहयोग करें। अंत में श्रीमती गेहलोत ने नगरवासियों से भी आग्रह किया कि वे अपनी (नो योर कस्टमर) प्रक्रिया अवश्य पूर्ण करें, क्योंकि यदि कोई नागरिक इससे वंचित रह जाता है तो उसे शासन की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। यह जानकारी नगर मंडल के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता द्वारा दी गई।

# श्री शिव महापुराण का पंचम दिवस आज

## 2 अग. को कथा विराम, श्रोताओं की भीड़ व अतिथियों के सम्मान में नगर को शिवमय किया



**नागदा। श्री शिव महापुराण कथा के अंतर्गत ज्योति श्री गार्डन, महिदपुर रोड नागदा में श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ आज पंचम दिवस की कथा का वाचन होगा। जिसमें भगवान शिव द्वारा त्रिपुरासुर वध, रावण द्वारा कैलाश पर्वत उठाने का प्रयास, रावण का अहंकार भंग, शिव तांडव स्तोत्र की उत्पत्ति, तथा शिव जी का यशस्वी तांडव जैसे प्रसंग श्रवण कराए जाएंगे।**

इससे पूर्व चतुर्थ दिवस मे कथा व्यास पंडित संजय शर्मा गौतम ने कथा में हिमवान व मैना की तपस्या, पार्वती और गंगा का संवाद, गंगाजी का धरती पर अवतरण, भागीरथ की तपस्या, गंगा का शिव जटाओं में समाना तथा भगीरथ द्वारा पितरों का उद्धार जैसे प्रेरक और भावपूर्ण प्रसंगों का वाचन किया गया।

तृतीय दिवस की कथा में तारकासुर के आतंक से परेशान देवताओं की प्रार्थना, कार्तिकेय का जन्म, तारकासुर वध, गणेश जी की उत्पत्ति, गणेश द्वारा शिव को रोके जाने की कथा, गणेश का मस्तक काटना, तथा गजमुखी रूप में गणेश का पुनर्जीवन एवं प्रथम पूज्यत्व प्राप्ति जैसे रोचक और शिक्षाप्रद प्रसंग सुनाए गए जिनका श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर श्रवण किया। आयोजन में नगर के समाजसेवी, पत्रकारगण, जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं महिला मंडलों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। दिल्ली से आमंत्रित विशेष सांस्कृतिक दल द्वारा भगवान शिव की महिमा पर आधारित भक्ति नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं, जिनका समस्त श्रद्धालुजनों ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया।

रवि चौहान अनिल शर्मा विनय राज शर्मा नरेंद्र कोठारी संजय गुर्जर सुरेश उपाध्याय संजय कोठारी निलेश सोनगरा संजय मकवाना तथा कार्यक्रम के आयोजक गण ने अंतिम दो दिवस की कथा में श्रावण मास का पुण्य लाभ अर्जित करने के लिए नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।



# वाद विवाद और भाषण स्पर्धा का आयोजन

**माकड़ोन।** शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार 25 जुलाई को संविधान हत्या दिवस की स्मृति में भाषण एवं वाद विवाद का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य अनिल कुमार दीक्षित जी के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित ने लोकतंत्र प्रणाली के विषय में जानकारी प्रदान की। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. राजेंद्र सिंह सिसोदिया एवं डॉ. कुसुम श्रीवास्तव रहे। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. शिप्रा शर्मा, डॉ. नरेंद्र सरिया, डॉ. निशा पाटीदार एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. नमन सारस्वत, डॉ. नीता जाधव, डॉ. प्रवीण सोनी रहे। भाषण प्रतियोगिता के विजेता प्रथम, द्वितीय, तृतीय आरती बैरागी, नंदिनी राजपूत उर्मिला बैरागी, वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेता पक्ष में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय फरजाना मंसूरी, रितेश प्रजापति, कुलदीप वर्मा, विपक्ष में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान रिया भिलाला, उमा राठौर और आरती बैरागी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में डॉ. नमन सारस्वत एवं डॉ. प्रवीण सोनी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ. ओपी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. नरेंद्र सरिया ने दी।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान का समापन



**महिदपुर। मप्र पुलिस द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे नशा से दूरी है बहुत जरूरी है अभियान के तहत विद्यालय, महाविद्यालय, नगर निकाय सहित शहर के चौराहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ विद्यार्थियों सहित शासकीय कर्मचारियों और आमजन को दिलवाई जा रही है।**

वहीं सभी थानों में कार्यक्रम आयोजित कर अपने स्टाफ को भी बताया जा रहा है कि नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवग कराया जा रहा है।

इसी क्रम में महिदपुर थाना परिसर में भी नशे से दूरी है जरूरी अभियान को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप सुनील वरकड़े एसडीओपी महिदपुर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश पर 15 दिवसीय नशा मुक्ति अभियान के तहत सभी थानों में अभियान चलाने के निर्देशों के अनुसार महिदपुर थाने में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाकर नशे नहीं करने की सभी को शपथ भी दिलाई गई। विदित हो कि इस 15 दिवसीय अभियान के तहत जुलूस, नुक्कड़ नाटक सहित अनेक कार्यक्रम स्कूल, कॉलेज और नगर निकायों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिसका आज समापन किया गया। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ ही पत्रकार और व्यापारी, पुलिस मित्र आदि की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन किया गया।

**कलश यात्रा** — कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बिल्व पत्र बीज रोपित पौधे का वितरण किया

# जन अभियान परिषद विकासखंड घट्टिया द्वारा पानबिहार में नवांकुर सखी अंतर्गत कलश यात्रा



**घट्टिया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घट्टिया द्वारा बुधवार को पानबिहार में नवांकुर सखी कार्यक्रम अंतर्गत कलश यात्रा का आयोजन ढोल - धमाकों के साथ किया । यात्रा ने में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की।**

यात्रा कृषि उपज मंडी से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करती हुई श्री मनकामनेश्वर मंदिर पहुंची जहां यात्रा में शामिल महिलाओं ने भगवान का जलाभिषेक किया। इसके पश्चात यात्रा पुनः मंडी प्रांगण पहुंची जहां संभाग समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय ने यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सरपंच भंवर सिंह जी पंवार, जिला समन्वयक जय दीक्षित, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मनोहर सिंह पंवार, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पान बिहार के अध्यक्ष कमल सिंह, क्षिप्रा उपभोक्ता संरक्षण समिति अध्यक्ष कैलाश यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन रचना शर्मा ने किया व आभार मोहन सिंह परिहार ने माना। अंत में उपस्थित महिलाओं को बिल्व पत्र बीज रोपित पौधे का वितरण किया गया।